# ISWK SHARING KNOWLEDGE


## Class - VI

## Subject- Hindi Third Language

## Topic- किरण का संदेश (कविता)

- Done By- Chitra

©ISWK



# किरण का संदेश (कविता)

## कवि- श्रीनाथ सिंह

पाठ परिचय- यह एक प्रेरणादायक कविता है | इस कविता के माध्यम से कवि ने सूरज की किरणों के संदेश को बताया है |




## पाठ- किरण का संदेश (कविता)   कवि- श्रीनाथ सिंह

मेरे कमरे में सूरज की,
एक किरण नित आती है |
जिसको पाती पास उसी पर,
अपनी चमक चढ़ाती है |

बच्चे होते हैं उदास पर,
वह हरदम मुसकाती है |
चुपके से आँखें चमकाकर,
कानों में कह जाती है |

प्यारे बच्चों ! मुझ-सा ही है,
चमकदार तेरा जीवन |
भारत माता सूरज- सी है,
तू है उसकी एक किरण |




## पाठ - किरण का संदेश (कविता) कवि - श्रीनाथ सिंह

मेरे कमरे में सूरज की,
एक किरण नित आती है |
जिसको पाती पास उसी पर,
अपनी चमक चढ़ाती है |

कमरे- Room
सूरज - *Sun* सूर्य
किरण - *Ray* सूरज की रोशनी
नित - *Daily / Regular* प्रतिदिन
पास - *Near* निकट
चमक - *Shine* रोशनी

अर्थ - सूरज की किरण प्रतिदिन मेरे घर (धरती) पर आती है और सभी चीजों को प्रकाशित करती है |





पाठ - किरण का संदेश (कविता)
कवि - श्रीनाथ सिंह

बच्चे होते हैं उदास पर,
वह हरदम मुसकाती है |
चुपके से आँखें चमकाकर,
कानों में कह जाती है |

बच्चे - Children
उदास - *Sad* दुखी
हरदम - *Always* हमेशा
मुसकाती - Smile
चुपके से - Silently
आँखें - Eyes
चमकाकर - By Shine

अर्थ - बच्चे उदास होते हैं पर सूरज की किरणें हमेशा मुसकराती (चमकती) रहती हैं और चुपचाप आकर बच्चों के कानों में कहती हैं |

## पाठ - किरण का संदेश (कविता)   कवि - श्रीनाथ सिंह



प्यारे बच्चों ! मुझ-सा ही है,
चमकदार तेरा जीवन |
भारत माता सूरज-सी है,
तू है उसकी एक किरण |

मुझ-सा - Same like me
जीवन- Life
भारत- India
माता- Mother
सूरज-सी - सूरज के समान(Similar To Sun)
किरण - Ray

अर्थ- सूरज की किरण बच्चों से कहती है कि तुम्हारा जीवन भी मेरे जितना चमकदार है | भारत-माता सूरज के समान है और तुम सभी बच्चे सूरज की किरण के समान हो |



# कविता का सार

## *Summary of poem*



सूरज की रोशनी प्रत्येक दिन धरती तक पहुँचती है और सभी जीवों एवं वस्तुओं को अपनी रोशनी देती है | बच्चे जब भी उदास होते हैं तो वह मुसकराती हुई उनके पास आकर कहती है कि बच्चों ! तुम मेरे जैसे ही हो और भारत माता सूरज के समान है | इसलिए कभी उदास मत रहो अपने काम से जग को रोशन करो |



# कविता की सीख

हमेशा खुश रहो |

Be happy
Don’t be
sad.



अपनी मेहनत से जग को रोशन करो |

work hard
and Shine.



# शब्दार्थ Word Meaning





सूरज - *Sun* सूर्य

नित - *Daily / Regular* प्रतिदिन

चमक - *Shine* रोशनी

हरदम - *Always* हमेशा

चमकदार - *Bright* चमक पैदा करने वाला

किरण - *Ray* सूरज की रोशनी

पास - *Near* निकट

उदास - *Sad* दुखी

कहना - *Say* बोलना

जीवन - *Life* ज़िंदगी

## अभ्यास *Exercises*

Textbook में कीजिए |

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option* -----

   क. कमरे में सूरज की किरण कब आती है ?

   (नित) (कभी-कभी) (कभी नहीं) (रात को)

   क. (नित)

   ख. बच्चों के मन में कभी-कभी कैसा भाव उभरता है ?

   (उदासी का) (ख़ुशी का) (हठ का) (शर्मीलेपन का)

   ख. (उदासी का)

   ग. भारत माता किसके समान हैं ?

   (बच्चों के) (किरण के) (सूरज के) (चंद्रमा के)

   ग.(सूरज के)

2. हिंदी / अंग्रेज़ी में लिखिए | *Translate into Hindi/English-----*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| किरण | --- | Sun Rays | *Daily* | --- | ...नित... |
| जीवन | --- | ...Life.... | *Always* | --- | .हरदम.. |
| चमक | --- | ..Shine... | *Bright* | --- | चमकदार |

## 3. दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द चुनकर लिखिए | *Choose and Write the synonyms of these words.*

| | |
|---|---|
| चंद्रमा | मयंक, शशि |
| पेड़ | तरु, वृक्ष |
| नदी | तटिनी, सरिता |
| पक्षी | विहग, खग |
| सूरज | सूर्य, रवि |

सूर्य, वृक्ष, सरिता,
शशि, खग, तटिनी,
विहग, रवि, मयंक,
तरु

## 4. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | *Make sentences with the help of given words.*

किरण ---- सूरज की किरणें चारों तरफ़ फैल गईं |

उदास ---- मेरा दोस्त उदास है |

हरदम ---- सीता हरदम मुसकाती रहती है |

चमकदार ---- हीरा बहुत चमकदार होता है |

*Notebook* में कीजिए |

## 5. शुद्ध वर्तनी लिखिए | *Write the correct spelling.*

Notebook में कीजिए |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरज | सूरज | जिवन | जीवन |
| उदाश | उदास | कीरण | किरण |
| मूसकाति | मुसकाती | बचचे | बच्चे |
| आखें | आँखें | बारत | भारत |

## 6. विलोम शब्द लिखिए |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीवन | मरण | पुराना | नया |
| धरती | आसमान | सफल | असफल |
| अच्छा | बुरा | कोमल | कठोर |
| दिन | रात | दुख | सुख |

Notebook में कीजिए |

## 7. दिए गए अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए :-

| | | |
|---|---|---|
| आम | एक फल, | सामान्य |
| हार | हारना, | गले की माला |
| मत | वोट, | मना करना |
| कर | हाथ, | टैक्स |
| सोना | स्वर्ण, | नींद (सो जाना) |

## 8. दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए:-

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| दादा | दादी |
| चाचा | चाची |
| बेटा | बेटी |
| मोर | मोरनी |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| छात्र | छात्रा |
| गायक | गायिका |
| बकरा | बकरी |
| बालक | बालिका |

# प्रश्नोत्तर

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | *Answer these questions.*

1. सूरज की किरण नित कहाँ आती है ?

उत्तर = सूरज की किरण नित कमरे में आती है |

2. आप सुबह किसके आने पर जागते हैं ?

उत्तर = हम सुबह सूरज की किरणें आने पर जागते हैं |

3. धरती पर उजाला कौन फैलाता है ?

उत्तर = धरती पर उजाला सूरज की किरणें फैलाती हैं |

4. कविता में भारत माता और बच्चों को किनके समान बताया गया है ?

उत्तर = कविता में भारत माता को सूरज के समान और बच्चों को सूरज की किरण के समान बताया गया है |

5. सूरज की किरण अपने पासवालों के साथ क्या करती है ?

उत्तर = सूरज की किरण अपने पास वालों पर अपनी चमक चढ़ाती हैं और उन्हें रोशनी देती हैं |

6. सूरज की किरण बच्चों को चुपके से क्या कहती है ?

उत्तर = सूरज की किरण बच्चों को चुपके से यह कहती है कि उनका जीवन भी किरणों के समान चमकदार हैं |

7. बच्चे उदास क्यों होते हैं ?

उत्तर = बच्चे उदास होते हैं क्योंकि सुबह होने पर उन्हें जल्दी उठना पड़ता है, स्कूल जाना पड़ता,पर वे जल्दी उठना नहीं चाहते हैं |

••••••••••••••